Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार — सच का साथी — दिनांक 20-03-2023 अंक 517

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### कीटनाशक दवा खाकर महिला अचेत, रिम्स रेफर

**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : जिले के बारियातु ग्राम निवासी नेहा देवी उम्र 25 वर्ष पति विनय कुमार ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।जानकारी के अनुसार पति पत्नी के बीच कुछ कहा सुनी हो गई थी।जिसके बाद पत्नी ने कीटनाशक दवा को खाई जिससे वह अचेत हो गई।उसके बाद परिजनों के सहायता से उसे बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में प्रा. थमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बारेसांढ़ में चला वाहन जाँच अभियान



**अपेम लाइव : लातेहार**

गारू/लातेहार : पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर बारेसांढ़ में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहनों की डिक्की व हेलमेट समेत अन्य कागजात की सघन जांच की गयी। त्रुटिपूर्ण कागजात व बगैर हेलमेट के वाहन चालकों से जुर्माने की राशि वसूल की हिदायत दी गयी। इस बाबत बारेसांढ़ थानाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के तहत वाहन चालकों की सघन जांच की जा रही है। सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह अभियान अभी लगातार चलता रहेगा। अभियान में थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव,एसआई पवन रजक तथा अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### एकाएक नदी में आई बाढ़ से बह गई एक बाइक



**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में बीते रविवार को मौसम ने एकाएक करवट ली और दोपहर तीन बजे से देर रात तक जमकर बारिश हुई ।जिसमें कई नदी नालों मे लबालब पानी भर गया ।वही बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी स्थित नदी में बाढ़ आ गई ।बाढ़ के दौरान नदी के पास खड़ा एक बाइक नदी में बह गया । एकाएक आई इस बाढ़ से नदी पार कर रहे कई लोग बाल-बाल बच गए ।बाढ़ का पानी कम होने के बाद लोगो ने बाइक को नदी से निकाला ।बता दें कि सीसीएल द्वारा संचालित इस कोलियरी में कई दशक पूर्व छोटी सी पुलिया बनाई गई है ।और आवागमन का रास्ता सकीर्ण है । जिस कारण लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

APEM LIVE

# 5 लाख का इनामी टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर दशरथ उरांव ने किया आत्मसमर्पण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : लातेहार पुलिस को एक बार फिर से बड़ी सफलता मिली है।नक्सली संगठ्न टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर (दशरथ उरांव उर्फ रोशन जी ने सोमवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।रोशन जी 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली था।आत्मसमर्पण करने के बाद पलामू आईजी राज. कुमार लकड़ा, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, सीआरपीएफ के कमांडेंट केडी जोशी और वेद प्रकाश त्रिपाठी ने गुलदस्ता देकर उसका स्वागत किया।इस अवसर पर आईजी ने कहा कि विगत एक वर्ष से झारखण्ड पुलिस द्वारा उग्रवाद के खिलाफ लगातार सघन अभियान व छापामारी की जा रही है, जिसमें लातेहार पुलिस को झारखण्ड जगुआर, कोबरा, सीआरपीएफ और जिला सैट बल के जवानों का सराहनीय योगदान से लातेहार जिला को अलग - अलग क्षेत्रों में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई है। नक्सल अभियान के दौरान कई शीर्ष नक्सली पकड़े गये तथा कई नक्सली मारे गये। इसके साथ ही लातेहार पुलिस के द्वारा नक्सली के परिजनों एवं उसके हित नातो से सम्पर्क कर सरकार द्वारा अपनायी गई नक्सलियों का आत्मसमर्पण पूणर्वास नीति के बारे समझा बुझाकर उसे प्रेरित किया जा रहा था। इसी परिपेक्ष में इसने आत्मसमर्पण किया।श्री लकड़ा ने कहा कि जिला बल के साथ लातेहार मे तैनात सीआरपीएफ की 11वी बटालियन एवं 214 वी बटालियन के द्वारा सघन अभियान चलाया जाता रहा है, जिससे उग्रवादियों पर लगातार दबाव बना रहा।. उन्होंने कहा कि दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी पूर्व में भाकपा माओवादी संगठन के सुप्रिमों बड़ा विकाश तथा नितिश जी के दस्ते तथा बाद में टीएसपीसी संगठन के सुप्रिमों आक्रमण गंझू के दस्ते में रह कर बालूमाथ, लातेहार, चंदवा, हेरहंज मनिका तथा टण्डवा एवं कुन्दा थाना क्षेत्र में कई बड़ी नक्सली घटनाओं को अंजाम दिये थे, जिनके विरुद्ध विभिन्न थानों में 59 केस दर्ज है।वहीँ दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी ने कहा कि एरिया कमाण्डर अनिल उरांव वर्ष 2021 में लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किये थे और आज भयमुक्त वातावरण में अपने परिवार एवं बाल-बच्चो के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उनका पारिवारिक जीवन-यापन को देखकर और लातेहार पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार समझाने पर सरकार द्वारा अपनायी गई नक्सलियों के आत्मसमर्पण एवं पूणर्वास नीति से प्रेरित होकर अपने परिवार भाई एवं बच्चों की उपस्थिति में समाज के मुख्य धारा से जुड़ने के लिए लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।आत्मसमर्पण कराने हेतू प्रेरित करने वाले पुलिस पदाधिकारी में लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र, बालूमाथ डीएसपी अजीत कुमार, बबलू कुमार, लाते. हार अंचल, चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, शशिरंजन कुमार, बालूमाथ, लातेहार थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, लातेहार पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार महतो, रंजीत राम शामिल हैं । इस मौके पर सीआरपीएफ 214 बटालियन कमांडेंट केडी जोशी, सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन कमांडेंट वेद प्रकाश तिवारी,अभिनव आनंद, विनोद कुमार कनोजिया, बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी, मनिका थाना प्रभारी राणा भानू प्रताप सिंह, बबलू कुमार, मेजर सुशांत कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों पर हुई प्राथमिकी पर निजी विद्यालय संघ ने जताया ऐतराज

## एसडीपीओ को ज्ञापन सौंप कर की निष्पक्ष जांच और आरोप मुक्त करने की मांग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

आरओआईएस के छात्र द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या करने के मामले में रसोईया धमना चकुरा टांड़ स्थित रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सह प्राचार्य एवं दो सहायक शिक्षकों पर बरही थाना में की गई प्राथमिकी के खिलाफ बरही निजी विद्यालय संघ ने नाराजगी जताई है । एकजुटता का प्रदर्शन कर सभी ने रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल को सपोर्ट करने पर सहमति व्यक्त की है। इस बाबत बरही निजी विद्यालय संघ की एक आपात बैठक देवचंदा मोड़ स्थित श्री दास इंटरनेशनल स्कूल में हुई। बैठक की अध्यक्षता निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव एवं संचालन सचिव नितेश कुमार एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार दत्ता ने किया । बैठक में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, भामाशाह विद्यालय के प्राचार्य रजनीश पाण्डेय मुख्य रूप से मौजूद रहे । बैठक में रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सह प्राचार्य अनूप कुमार सिंह, शिक्षक शुभाशीष पायने एवं प्रशांत कुमार पर की गई प्राथमिकी को निराधार बताया एवं पुलिस प्रशासन से इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की गई। डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा की इस तरह विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षको पर केश होने से प्रबंधन का मनोबल डाउन होता है। इस पर पुलिस प्रशासन को सोचने की जरूरत है। बैठक के बाद निजी विद्यालय संघ का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीपीओ नाजीर अख्तर से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से एसडीपीओ को बताया गया कि रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल की आठवीं के छात्र मोहम्मद रेहान अफरोज ने 18 मार्च को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था । आत्महत्या अपने घर में किया लेकिन आत्महत्या के लिए विद्यालय को दोषी ठहराया जा रहा है । जो तर्कसंगत एवं न्याय संगत उचित प्रतीत नहीं होता है । अध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की बेहतरी के लिए एवं उन्हें अनुशासित बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बच्चों को समझाया जाता है ताकि बच्चा का भविष्य सुधर सके । लेकिन जिस तरह बिना जांच पड़ताल किए ही निजी विद्यालय पर प्राथमिकी दर्ज की गई है । इससे बरही में संचालित निजी विद्यालय अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं । निजी विद्यालय संघ के उपाध्यक्ष सुनील दत्ता, सचिव नितेश कुमार सहित सभी प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने सवाल किया कि अगर बच्चों को थोड़ी डांट फटकार नहीं की जाएगी तो क्या बच्चो का भविष्य सुधर पायेगा और यदि इस तरह से केस मुकदमा कर दिया जाता है,तो क्या विद्यालय में सही शिक्षा दिया जा सकेगा । क्योंकि मो रेहान के साथ विद्यालय में ऐसा कुछ नही किया गया की उन्हे फांसी लगाने की नौबत आए। जरूर घर में उनके साथ कुछ ऐसा हुआ जिसके वजह से वह फांसी लगाया। प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए नागिन अख्तर ने कहा कि विद्यालय में घटना नहीं हुई है घटना बच्चे के घर में हुई है हम पूरे पहलुओं पर जांच कर रहे हैं जांच उपरांत ही किसी भी तरह की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी हालांकि उन्होंने अभिभावकों को भी जागरूक करते हुए कहा कि यह हर अभिभावक को अपने बच्चों के क्रियाकलाप एवं उनके दैनिक दिनचर्या पर विशेष ध्यान रखनी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में मिथलेश यादव, अनूप सिंह, नितेश कुमार, अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार दत्ता, सिकंदर कुशवाहा, गुलाब कुमार दास, दिनेश यादव, रामचंद्र यादव, सुधाकर यादव, बासुदेव साव, समीर बड़जात्या, रजनीश पांडेय, चंद्रमोहन मिश्रा, अनुज प्रजापति, संतोष यादव, सकलदेव यादव, विजय कुमार यादव, अंजन मुखर्जी, अंशु सिंह, कैलाश यादव, अभिषेक सिंह, सुभाशीष पायने, प्रशांत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।



एसडीपीओ को ज्ञापन सौंपते निजी विद्यालय संघ के लोग

दिनांक: 20-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बिजयबाडा में कुटमू के दो मजदूरों की प्लांट में काम करने के दौरान मौत, गांव में शोक की लहर

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**

बरवाडीह/लातेहार : बेतला पंचायत के कुटमू गांव निवासी छोटु सिंह उम्र 21 वर्ष पिता संतोषी सिंह और जितेंद्र सिंह उम्र 22 वर्ष पिता देनी सिंह दोनो युवक की बिजयबाडा पावर प्लांट मे लिफ्ट में फसने के कारण मौत होने की खबर सुनते ही पुरे कुटमू गांव मे मातम छा गया।वहीँ मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मौत की खबर सुनते ही बिजयबाडा के अधिकारियो से वार्ता कर शव को जल्द झारखंड भेजने की बात कही।साथ ही विधायक कहा कि पीडीत परिवार के साथ इस दुख की घड़ी मे हम साथ है।

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्म विद्या विहंगम योग के साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। जहां ओंकार ध्वनि, स्वागत गान, मंगलगान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञान गुदड़ी अनमोल राणा, स्वर्वेद पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता एवं भजन अनमोल राणा एवं सावित्री देवी ने किया। साथ ही मौके पर मौजूद सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने ब्रह्म विद्या विहंगम योग के विशेषता को बताते हुए कहा की इस विद्या से ना केवल मन को आध्यात्मिक शांति मिलती है बल्कि काम, क्रोध, मद लोभ जैसे विकारों को नष्टकर ईश्वरीय शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। मौके पर राजदेव सिंह, अनमोल राणा, यशोदा देवी, सबेरी देवी, रविंद्र सिंह, पप्पू राम, प्रमोद गुप्ता, सिकंदर सिंह एवं किशोर सिंह मौजूद थे।

## धनवार पैक्स कार्यालय में पेंशन धारियों का बैंक खाता से आधार को जोड़ने को लेकर लगेगा कैंप

### अधिक संख्या में लोग आकर योजना का ले लाभ : राजेन्द्र प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय में सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों का बैंक खाता को आधार कार्ड से लिंक किए जाने को लेकर शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 21 मार्च को धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय में पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों एवं ग्रामीणों के बीच व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए पेंशन धारी लाभुकों को निर्धारित पंचायत पैक्स कार्यालय में उपस्थित रहकर सभी पेंशन धारी लाभुकों का आधार लिंक कराना सुनिश्चित करेंगे।

## गोपाल पंडित बने भागीदारी पार्टी के जिलाध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही निवासी एवं झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के जिला महामंत्री गोपाल पंडित को भागीदारी पार्टी के हजारीबाग जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इनका मनोनयन भागीदारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति ने किया है। उन्हे मनोनयन पत्र सौंपते हुए जिला स्तर पर पार्टी को विस्तार करते हुए संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया है। जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भागीदारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया हैं। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर दिनेश प्रजापति, देवधारी प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, मुनेश केशरी, महेंद्र रजक, मूर्ति रजक, बबलू विश्वकर्मा, बीरू विश्वकर्मा, लव कुमार पंडित, रामावतार पंडित, राहुल कुमार, संतोष प्रजापति अरुण प्रजापति सुरेंद्र कुमार प्रजापती रामसुंदर पंडित, भोला पंडित, अशोक प्रजापति , राजेश कुमार ,देव् कुमार, मोहन साव आदि

## पांचमाधव : रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष बने बीरेंद्र सिंह वा सचिव बने छोटन गोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत भवन में रामनवमी पूजा महासमिति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करियापुर मुखिया मनोज कुमार व संचालन लक्ष्मण ठाकुर ने किया। वहीं बैठक में मौजूद सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा महासमिति का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए बीरेंद्र सिंह, सचिव छोटन गोप, कोषाध्यक्ष मोहन प्रजापति, उपाध्यक्ष अरुण यादव, बिनोद यादव, महासचिव सुधीर यादव एवं संरक्षक में बीरेंद्र कुमार यादव, अरविंद राणा, प्रकाश ठाकुर, कपिल राणा, राजेश यादव को चुना गया। कार्यकरिणि सदस्य में लक्ष्मण ठाकुर, चंदर यादव, सुरेश प्राव रजक, राजू रजक, नरेश यादव, रामधनी साव, अजय राणा, नरेश प्रजापति, राजु यादाव, राजेश यादव, बीरेंद्र यादव, संजय यादव, बिनोद यादव को बनाया गया। करियापुर मुखिया मनोज कुमार ने कहा की प्रशासन के दिशा निर्देश में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द तरीके रामनवमी पूजा मनाया जायेगा। वही पांचमाधव पंचायत मुखिया प्रतिनिधी हरेंद्र गोप ने कहा जिला प्रशासन की गाइडलाइन को देखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से झांकी निकाली जाएगी और मेला को आकर्षक बनाया जायेगा। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि रामेश्वर रविदास, वार्ड सदस्य घनश्याम सिंह, समाज सेवी नागेश्वर रजक, सिकंदर प्रजापति, कैलाश यादव, कार्तिक यादव, ब्रह्मदेव यादव, संतोष यादव, विशेश्वर यादव, प्रयाग यादव, सुरेंद्र यादव, दिनेश कुमार, पप्पू यादव, अनिल कुमार, दिनेश कुमार, योगेंद्र प्रजापति, प्रदीप कुमार, विकास कुमार, लतीब अंसारी एवं राजू यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## जेंडर जस्टिस सेंटर के संचालन को ले बैठक का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड सभागार में बीडीओ अमरेंद्र डंग की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में महिला हिंसा के खिलाफ कार्य करने और जागरुकता लाने के लिए जेंडर जस्टिस सेंटर के संच. ालन का निर्णय लिया गया इसके तहत महुआडांड़ में अलग-अलग 4 कलस्टर में कुल 4 संकुल संगठनों में जेंडर जस्टिस सेंटर का शुभारंभ किया जाएगा।ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने महिला हिंसा के खिलाफ जेंडर जस्टिस सेंटर के संचालन का निर्णय लिया है। बैठक में बताया गया कि जेंडर जस्टिस सेंटर का संचालन जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला संगठनों द्वारा किया जाएगा। इसका प्रमुख उद्देश्य महिला हिंसा की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं और युवतियों को सरकारी तंत्र के सहयोग से न्याय दिलाना, समाज में महिला हिंसा और जेंडर आधारित भेदभाव के खिलाफ जागरुकता फैलाना है।इस मौके पर तेजू सिंह व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।







सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## परिवार नियोजन का पालन करने वाले महिलाओं को किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता और परिवार नियोजन के नियमों के पालन करने महिलाओं करने के उद्देश्य स्वास्थ विभाग के द्वारा प्रखंड के केचकी स्वास्थ्य केंद्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करते हुए जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर और पंचायत के मुखिया के द्वारा परिवार नियोजन के नियमों का पालन करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया । इस दौरान जिप सदस्य ने कहा कि परिवार नियोजन के नियमों का पालन करने वाले परिवार का जीवन हमेशा खुशहाल होता है इसलिए परिवार नियोजन के नियमों का पालन करने के साथ-साथ इसके प्रति जागरूक करने में समाज में अपना योगदान देना चाहिए । मौके पर सीएचओ मीणा प्रजापति , एएनएम सरोज मिंज , योग ट्रेनर रुचि प्रिया स्वास्थ्य सहिया शील. वती देवी , मीणा देवी , गीता देवी समेत काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

## धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने मास्टर शू हाउस का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के करियातपुर अंतर्गत मास्टर शू हाउस का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद शामिल हुए।उन्होंने फीता काटकर मास्टर शू हाउस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दुकान संचालक ने कहा कि मास्टर शू हाउस में सभी सम्मान उचित मूल्य पर मिलेगी। एवं अच्छी क्वालिटी की समान यहां मिल पाएगा। जिससे आसपास के ग्रामीणों को सहूलियत होगी। मौके बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अविनाश आनन्द, प्रकाश साव, मोहम्मद गुलाम सरवर, अख्तर अंसारी, रामसहाय यादव, मोहम्मद सरताज, दिलीप कुशवाहा, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद शरीफ, दिनेश यादव, नितेश कुमार, हसन अली, मोहम्मद सद्दाम रिजवान अली रोहित केसरी, सोनू कुमार,आदि ग्रामीण उपस्थित थे

## शिक्षा क्षेत्र में उन्नति के लिए अंतर महाविद्यालय सहयोग आवश्यक है : सिस्टर सैंडरीना

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : संत. अन्ना महाविद्यालय, विशाखापट्टनम के प्रोफेसरों के तीन सदस्यीय टीम ने संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ का दौरा किया। ज्ञात हो की दोनों महाविद्यालयों के बीच में वर्षों से आपसी सहयोग और विचार आदान प्रदान का संबंध रहा है। इस टीम में महाविद्यालय के अध्यक्ष सिस्टर सैंडरीना, प्राचार्या सिस्टर प्रेमा जोस, और सिस्टर लता थी।संत जेवियर्स महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा पारंपरिक नृत्य और संगीत से उनका स्वागत किया गया। प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस ने पारंपरिक अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिस्टर सैंडरीना ने कहा की उच्च शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण, प्रासंगिक और अनुसंधान उन्मुख बनाने के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बीच आपसी सहयोग और विचार आदान प्रदान करना बहुत ही आवश्यक है। संत अन्ना महाविद्यालय विशाखापट्टनम के प्राचार्य सि. प्रेमा जोस ने कहा कि वर्तमान समय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को व्यवहारिक रूप में लागू करना एक चुनौती है लेकिन दोनों महाविद्यालय आपसी सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने संत जेवियर्स महाविद्यालय के प्राध्यापको और विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए अपने महाविद्यालय में आने के लिए आमंत्रित भी किया साथ ही विधार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने, सकारात्मक ऊर्जा और सोच के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित भी किया।इस अवसर पर विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। सिस्टर लता ने महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन प्रियाल सोनी और प्रिया उरांव तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रश्मी सुमन ने कहा।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 30 तीर्थयात्रियों के जत्थे को किया रवाना

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सोमवार को समाहरणालय परिसर से 30 तीर्थयात्रियों के जत्थे को परियोजना निदेशक विंदेश्वरी ततमा,अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिले के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।सभी तीर्थ यात्री रांची पहुंचेंगे।जहां से पर्यटन विभाग द्वारा रांची से सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए यात्रियों के विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के बीपीएल बुजुर्ग व्यक्तियों को तीर्थ स्थलों को भ्रमण कराया जाता है।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, एनडीसी बंधन लांग, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मेघनाथ उरांव समेत जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

JHNH Reg. No. 2036000613
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
हमारे यहाँ सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
सामान्य एवं सुरक्षित प्रसव (नार्मल डिलेवरी) की विशेष सुविधा उपलब्ध है।
अपेंडिक्स, बवासीर, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी इत्यादि ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है।
BLOOD TEST
CBC, Sugar, L.F.T, K.F.T, Lipid Profile, Thyroid, Tuberculosss, Urine R/E etc
यहाँ सभी प्रकार के जाँच की सुविधा है।
24/7 Emergency Services
7903856586
9931874590
NH-2 लस्करी मोड़, रसोईया धमना, बरही
नियर-लोक नायक फैमिली रेस्टोरेन्ट-825405

अपेम ट्रस्ट हॉस्पीटल
APEM TRUST HOSPITAL
Contact No.- 9934337941, 9934337952, 7004427032, 9123223359, 7870810332
A Unit Of APEM Welfare Foundation
Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305
Reg. No. 2036000529
जेनरल सर्जरी, हड्डी, नस एवं जोड़, स्त्री रोग, नि:संताता, प्रसव
नि:शुल्क
महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी ऑपरेशन
सुविधाएँ :- (अपेम वेलफेयर फॉउंडेशन के सौजन्य से)
लाभार्थी को 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि
उत्प्रेरक ANM, सहिया को 500 रुपए
मुफत दवा-सूई (सरकारी मानकों के अनुसार)
APEM MEDICAL & PARAMEDICAL TEAM
पता :- न्यू कॉलोनी, धनबाद रोड़, बरही (हजारीबाग)
संपर्क सूत्र : 9934337941, 9934337952, 7004427032, 9123223359

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखंड आंदोलनकारी मंच की बरवाडीह प्रखंड ईकाई ने किया बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार – झारखंड आंदोलनकारी मंच की बरवाडीह प्रखंड ईकाई की एक बैठक बरवाडीह बाजार स्थित सामुदायिक भवन में आंदोलनकारी मंच के लाते. हार जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन चिन्हित आंदोलनकारी वीरेंद्र ठाकुर ने किया।बैठक का विषय प्रदेश वरिष्ठ आंदोलनकारी मुरलीधर प्रसाद ने किया। बैठक में सर्व समिति से झारखंड में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने की सहमति बनी आंदोलन में सक्रिय रहे कार्यकर्ताओं का झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के द्वारा झारखंड बनने के 22 वर्ष गुजर जाने के बाद भी चिन्हित नहीं किया जा सका है इस पर बैठक में निंदा किया गया तथा इसके लिए आंदोलन करने पर सहमति बनी। साथ हीं बरवाडीह प्रखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष विक्टर केरकेट्टा ,उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, सचिव राकेश कुमार, सह सचिव दूरबिगन सिंह एवं हरिनंदन उरांव, कोषाध्यक्ष रामनरेश सिंह ,प्रवक्ता कुंदन कुमार के अतिरिक्त बीना देवी ,बिंदा देवी, मकसूद आलम , चंदेश्वर तुरी, विजय सिंह, प्रेमनाथ राम, अशोक कुमार सिंह, रमेश प्रसाद यादव को प्रखंड कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है।जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी दल के आंदोलनकारियों को इस मंच से जोड़कर आंदोलन को धारदार बनाने पर बल दिया मौके पर मुरलीधर प्रसाद, रसीद खान, डीएन राम, शंकर चौधरी, संतोष कुमार, मुठकुम राम, भृगुराम सिंह, मनबहाल सिंह, मकसूद आलम, कौशल्या देवी ,बसिया देवी, मैत्रृ कुंवर, निद्रा देवी, देवभनिया कुंवर, फूलों कुंवर, फूलमती देवी इत्यादि लोग मौजूद थे।

## नगर पंचायत की विजिलेंस टीम ने की छापेमारी, बिना नक्सा पास के बन रहे मकान का रोका काम थमाया नोटिस

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : अनुमण्डल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित किये गये विजिलेंस टीम द्वारा सोमवार को होल्डिंग टैक्स, सिंगल यूज प्लास्टिक के पतिबंध पर जांच एवं राजस्व की वसूली की गई। जिसमें होल्डिंग टैक्स मद में 98 हजार 7 सौ 90 एवं ट्रेड लाइसेंस के मद में 9 हजार 9 सौ 80 एवं वाटर सप्लाई मद में 3 हजार 2 सौ 34 रूपये की राजस्व की वसूली की गई एवं सिंगल गुज प्लास्टिक के उपयोग में पकड़े गये निखिल कुमार थाना चौक से 1 सौ एवं महेंद्र प्रसाद बानपुर से 500 रूपए का जुर्माना की राशि वसूली की गई। साथ ही जाँच के क्रम में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से ट्रेड लाईसेंस नहीं बनाने के कारण 1 सौ जुर्माना वसूली की गई।वहीँ पहाड़ पूरी में बिना नक्सा पास कराए घर बना जय श्री प्रसाद के काम को बंद कर नोटिस दिया गया।ज्ञातव्य हो कि शहरी क्षेत्र के किसी भी होल्डिंग टैक्स धारक जिनके द्वारा अबतक अपने प्रतिष्ठान/भूमि का होल्डिंग का निर्धारण एवं होल्डिंग टैक्स मद में बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 181 एवं 184 के तहत संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध उनके एकल या संयुक्त बैंक खाते को फ्रिज करना, बकायेदार की चल एवं अचल सम्पति की कुर्की एवं बिकी करना, सर्टिफिकेट केस करना एवं संबंधित के विरूद्ध बाडी वारंट निर्गत करने का प्रावधान है। अभियान में प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ,नगर प्रबंधक जयालक्ष्मी भगत, जेई संदीप कुमार बेदिया व संजीव कुमार, तहसीलदार राजू प्रसाद, क्षेत्र पर्यवेक्षक रणधीर कपूर मौजूद रहे ।

## एसडीओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरिक्षण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : झारखंड अधिविध परिषद द्वारा संचालित मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो गई है। कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग की टीम सतर्क दिखी। सोमवार को मैट्रिक की परीक्षा शुरू होते ही एसडीओ नीत निखिल सुरीने ने प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय व संत तेरेसा बालिका हाई स्कूल परीक्षा केंद्र का निरिक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने निर्देश दिया कि कदाचार मुक्त परीक्षा दे । साथ ही खराब मौसम होने के कारण परीक्षा दे रहे बच्चों के रूम में उचित लाईटों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया ।ताकि किसी भी छात्रों को कोई समस्या न हो ।

## जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के पहल पर मिला ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइव : बरकटठ्**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत सतघरवा (झुरझुरी पंचायत) में खराब पड़े 100 केवीए ट्रांसफार्मर को जिला परिषद सदस्य बरकट्ठा प्रेरणा प्रिया पाण्डेय (पति सी के पाण्डेय) की पहल पर विभाग के द्वारा ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया गया। विगत कुछ दिनों पूर्व सतघरवा में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्रों व ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों व समाजसेवी चंदन कुमार भारती के द्वारा जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को दी गई थी मामले को संज्ञान में लेते हुए जिप सदस्य ने तुरन्त 100 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जिसके बाद सतघरवा के ग्रामीणों ने जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दिव्यांग संगठन ट्रस्ट एवं एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के साथ संयुक्त रूप से हुई बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर अंतर्गत शिव मंदिर प्रांगण मे बड़कागांव दिव्यांग संगठन ट्रस्ट एवं एनएलआर इंडिया फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से बैठक की । बैठक की अध्यक्षता रामेश्वर महतो संचालन लोकनाथ राणा ने किया।बैठक में मुख्य रूप से एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के राज्य समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती ने कार्यो का निरीक्षण किया।बैठक में मुख्य रूप से दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया तत्पश्चात कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। दिव्यांग स्वयं सहायता समूह के प्रत्येक समूह से 2 सदस्य को हर मासिक बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।जितने भी समूह का खाता बैंक में खुल गया है उन समूहों को अगले माह तक समूह को संचालित करने के लिए रजिस्टर और पासबुक वितरण किया जाएगा और ट्रेनिंग का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जल्द ही किराए के मकान में कार्यालय खोला जाएगा। मौके पर बैठक में काशीनाथ चक्रवर्ती, प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ राणा , रामेश्वर महतो, सचिन सोनी , मुकेश कुमार, शांति देवी अशोक प्रजापति, होरिल महतो, कंचन कुमारी, विमला देवी, बिरजू कुमार, रंजीत कुमार रामसुंदर महतो आदि उपस्थित थे।




UDISE CODE - 20040105606 *Arise Awake & Achieve*

**SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY**

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10
Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405
Mob. : 9955067983, 9934680783
Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

**Career Opportunities**

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

**TEACHER REQUIREMENT**

| Sl. No. | Post | Qualifacation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : **English/ SST/Science**

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783

Principal : 9470318683

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 20-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## उपायुक्त की अध्यक्षता में डी.एम.एफ.टी. प्रबंधकीय समिति का किया गया बैठक

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डी.एम. एफ.टी.) प्रबंधकीय समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के वार्षिक कार्य योजना का निर्माण, ग्राम सभा से पारित योजनाओं का अनुमोदन, डी.एम.एफ. टी अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाएँ की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान करने हेतु बैठक की गई। बैठक में ग्राम सभा से पारित विभिन्न योजनाओं यथा सभी प्रखंड व मुख्यालय में बहुद्देश्यीय सामुदायिक भवन सह स्किल सेंटर का निर्माण, किसानों को रोबोटिक सोलर पंप सेट/ सयंत्र/ उपकरण का वितरण, सड़क दुर्घटना के लिए जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में ट्र0मा सेंटर का निर्माण, इ-मेडिकेशन व टेलीकं. सल्टेशन, +2 विद्यालयों में लाइब्रेरी मटेरियल, सभी प्रखण्डों में कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु कोचिंग, आंगनबाड़ी निर्माण व आंगनबाड़ी केंद्रों में फूड बास्केट की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिए आवश्यक उपकरण समेत विभिन्न योजनाओं को अनुमोदन की स्वीकृति के लिये रखा गया। सभी योजनाओं पर क्रमवार चर्चा करने के उपरांत सभी ठोस और जिला के लिए हितक. ारी योजनाओं को उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में डी.एम.एफ.टी. प्रबंधकीय समिति द्वारा स्वीकृति दी गई। साथ ही उपायुक्त ने सभी स्वीकृत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु अपने स्तर से लगातार मो. निटरिंग करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलीस अधीक्षक राकेश रंजन, उत्तरी वन प्रमण्डल पदाधिकारी राहुल मीना, पंचायत राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सतबहिया राजकीय मध्य विद्यालय में मुखिया ने बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव कांड़तरी पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय सतबहिया मे पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया । मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि कांडतरी पंचायत के मुखिया पारसनाथ महतो के हाथों बच्चों के बीच पठन-पाठन कार्य को लेकर पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया । स्कूल में बच्चों के बीच 2 सेट स्कूल ड्रेस और 1-1 सेट क0पी वितरण किया गया। वही कक्षा 1 और 2 मे 3 पेंसिल ,3 रब्बर ,3 कट्टर दिया गया । कक्षा 3,4 और 5 वर्ग के बच्चों को 5 रबड़ ,5 पेंसिल ,5 कट्टर और 1-1 स्ट्रोमन बॉक्स दिया गया। इसके अलावा कक्षा 6 और 7 के बच्चों को 5 पेन ,5 पेंसिल ,5 रब्बर ,5 कट्टर 1,1 स्ट्रोमन बॉक्स भी दिया गया ।मौके पर उपस्थित प्रबंधक समिति का अध्यक्ष मालती देवी, उपाध्याय भीम प्रजापति ,सचिव डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, सहायक अध्यापक अरुमीना तिर्की, महूदी से राजकुमार राणा ,ज्ञानी कुमार दांगी, रामेश्वर ठाकुर वार्ड सदस्य अनिल बिरहोर ,सरिता देवी , परण पासी के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।




## नापोखुर्द में रामनवमी पूजा महासमिति का गठन संजय अध्यक्ष एवं संतोष सचिव चुने गए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापो खुर्द पंचायत में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर पंचायत भवन में ग्रामीणों की विशेष बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया गणेश साव एवं संचालन चंदर साव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से नापोखुर्द महा रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य रुप से संजय साहू को अध्यक्ष, संतोष विश्वकर्मा को सचिव एवं रामजनम साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वही मुखिया गणेश साहू को संयोजक, चंदर साहू को संरक्षक, सांसद प्रतिनिधि बेचन साहू को उप संयोजक, पंचायत समिति सदस्य गणेश साहू को संगठन मंत्री बनाया गया है , इनके अलावा राजू साहू को उपाध्यक्ष ,भवानी साहू को उपसचिव, रक्षा मंत्री कृष्णा साव, कार्यकारिणी सदस्यों में विजय साव, फागुन साव, मनोज साहू, विकास कुमार, राम साव, हीरालाल साव, सोना साव ,रामदेव कुमार साहू, महादेव साव, लाल मोहन राणा ,शंकर मुंडा, दीपक साव, कमल साव, भुनेश्वर राम ,कुंज बिहारी साव, दिनेश साहू ,दिनेश कुमार ,रंजन कुमार, दिलीप राम, सुरेश साहू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## पलान्डु में रामनवमी पूजा समिति का गठन सूबेदार अध्यक्ष एवं ईश्वर सचिव चुने गए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



पलान्डु में रामनवमी पूजा समिति लेकर पलांडू शिव मंदिर प्रांगण में बैठक किया गया। जिसमें पलान्डू गांव के सभी बुद्धिजीवी गण एवं ग्रामीण ने भाग लिया ।जिसकी अध्यक्षता पूर्व उप मुखिया मिट्ठू महतो एवं संचालन ईश्वर कुमार महतो के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष-सुबेदार करमाली, सचिव -ईश्वर कुमार महतो, कोषाध्यक्ष एतवा तुरी,सह सचिव महावीर राम, संचालक प्रदीप महतो ,सह संचालक कोलेश्वर महतो, संरक्षक शुक्ला तुरी, सह संरक्षक मीठु महतो, संयोजक नारायण प्रसाद, लिपीक अजय कुमार, उपाध्याय विजय महतो को बनाया गया। सभी लोगों ने अपने अपने कार्य को बेहतर तरीके से संचालित करने का निर्णय लिया है।

## पार्टी स्थापना दिवस को ले जेएमएम ने बैठक की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा ( हजारीबाग) झारखण्ड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग जिला समिति की बैठक कृष्णापुरी स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव एवं संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया। इस बैठक में आगामी 04 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने पर विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव ने कहा कि हजारीबाग में पार्टी का 44वां स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा। सभी प्रखंडों को इसकी तैयारी जोरों शोरो से करने का निर्देश दिया एवं दीवाल लेखन कर प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम में पार्टी के सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबु सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत मंत्री गण, विधायक गण भाग लेंगे। कार्यक्रम स्थल से लेकर पूरे शहर में तोरण द्वार, बैनर और झंडा लगाए जाएँगे। कार्यक्रम स्थल अगली बैठक में चयन किया जायेगा। इस बैठक में झामुमो केंद्रीय नेता कमल नयन सिंह, जिला सचिव नीलकंठ महतो, कोषाध्यक्ष नईम राही, उपाध्यक्ष यासीन खान, देवीराम हेम्ब्रम, सुनील शर्मा, बीरेंद्र राणा, संजय करमाली, जिला संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता, बबलू पासवान, भागिनाथ महतो, जिला संगठन सचिव मनोहर राम, छात्र नेता चंदन सिंह, चुरचू बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, उपाध्यक्ष लखीराम मांझी, प्यारी देवी, उमेश प्रसाद गुप्ता, गुलाम घोष, कुणाल कुमार, इमरान खान, इम्तियाज खान मौजूद थे।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी का हुआ पुनर्गठन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज विष्णुगढ की बैठक रामप्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें संरक्षक महादेव वैद्य, अध्यक्ष बटेश्वर कुमार मिश्र उर्फ बंटी मिश्र, उपाध्यक्ष संजीत मिश्र, सचिव डॉ. महेंद्र वैध, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र, सूचना प्रसारण मंत्री वीरेंद्र पांडेय एवं संजय वैध एवं अंकेक्षक राकेश वैध मनोनीत किए गए। शेष सभी सदस्यों को कार्यकारिणी का सदस्य बनाए गए। मौके पर चौधरी शंभूनाथ पांडेय, रा. जेंद्र पांडेय, रोहितानंद मिश्र, दिनेश्वर पांडेय, रामप्रसाद पांडेय, उमेश पांडेय, देवेंद्र मिश्र, अजीत मिश्र, विजयनंदन मिश्र, संजय मिश्र, राहुल मिश्र, सतीश वैध, उमाशंकर वैध, अशोक पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, सुबोध पांडेय, युगल पांडेय, ओमप्रकाश वैद्य, विजय पांडेय, अनंत वैद्य, प्रमोद पांडेय आदि उपस्थित थे।

APEM LIVE